-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 21.01.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा पारिवारिक विवाद/मतभेद को समाप्त कराते हुए 03 परिवारों को टूटने से बचाया। आपसी मतभेद को भूल खुशी-खुशी रहने को हुए तैयार।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र बांदा पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा पारिवारिक आपसी झगड़े/मतभेद को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए 03 परिवारों को टूटने से बचाया। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली ममता, थाना गिरवां क्षेत्र की रहने वाली गुल्फसा व थाना कालिंजर क्षेत्र की रहने वाली कुसुम द्वारा पुलिस अधीक्षक बांदा को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनो पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षो द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा परिवार को आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं पारिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।